लिबर्टी घंटी को बचाना

मार्टी रोड्स फिगले

चित्र: केविन लेप



लिबर्टी घंटी को बचाना





"गिड्डीप!"

ग्यारह वर्षीय जॉनी मिकली ने

अपने पिता के घोड़ों की लगाम झड़की.

वो फिलाडेल्फिया जाने के लिए


सड़क पर सवारी करने को उत्साहित था.

आज सुबह वो अमेरिकी उपनिवेशों की
राजधानी को देखने वाले थे.

जॉनी अपने परिवार के साथ पेंसिल्वेनिया के
नॉर्थम्प्टन टाउन में रहता था.

महीने में एक बार उसके पिता खेती का
सामान बेचने के लिए शहर जाते थे.

इस बार, जॉन मिकली ने अपने बेटे को भी
साथ आने को कहा.



एक साल पहले अमेरिकी नेता फिलाडेल्फिया में जमा हुए थे.

वे कॉलोनियों का भविष्य तय करने के लिए वहां मिले थे.

अमेरिकी उपनिवेशों पर ग्रेट ब्रिटेन के राजा का शासन था.

लेकिन कई उपनिवेशवादी अब ब्रिटेन के राजा से आदेश नहीं लेना चाहते थे.

फिलाडेल्फिया में, अमेरिकी नेताओं ने स्वतंत्रता की घोषणा पर हस्ताक्षर किए.

घोषणापत्र ने दुनिया को बताया कि अमेरिका अब इंग्लैंड से आजाद होना चाहता था.

अमेरिकी लोग अपनी स्वतंत्रता के लिए युद्ध लड़ रहे थे.

जॉनी की इच्छा थी कि वो भी युद्ध में लड़े.

वो चाहता था कि एक किसान के लड़के की बजाय, वो एक हीरो बने.

जब वे फिलाडेल्फिया पहुंचे तो जॉनी के पिता ने बागडोर संभाली.

शहर की सड़कें फैंसी और सादे कपड़ों में लोग भरे हुए थे.

जॉन मिकली ने एक बड़ी ईंट की इमारत की ओर इशारा किया.

"वो स्टेट हाउस है, बेटा," उन्होंने कहा.


तभी जॉनी ने एक बड़ी घंटी की आवाज सुनी.

वो स्टेट हाउस की घंटी 'ओल्ड इंडिपेंडेंस' थी.

जॉनी ने गर्व से उसकी आवाज़ सुनी.

घंटी, पहली बार एक साल पहले 8 जुलाई, 1776 को बजी थी.

वो पहली बार तब बजी थी जब स्वतंत्रता की घोषणा अमेरिकी लोगों को पहली बार सुनाई गई थी.





जॉनी ने पिता की खेती का सामान बेंचने में मदद की.

फिर वे खाली ड्रमों और बोरों को एक सराय में ले गए.

जॉनी और उसके पिता रात को आराम करके अगली सुबह घर वापिस जाने वाले थे.

अचानक, एक आदमी चुपचाप छाया में से बाहर आया.

उसने जॉन मिकली को एक तरफ खींचा और उसने उनके कानों में कुछ फुसफुसाया.

वो अजनबी क्या चाहता था?

जब अजनबी चला गया, तो जॉन मिकली अपने बेटे के पास लौटे.

फिर वो जॉनी की ओर झुके और उन्होंने कहा.

"बेटा, आज कुछ जरूरी काम आ गया है.
तुम चार बजे सराय के सामने मुझसे मिलना."

"क्या बात है, पिताजी?" जॉनी ने पूछा.

जॉन मिकली ने अपनी आवाज धीमी की.

"हमारे कार्यक्रम में बदलाव हुआ है. हम आज दोपहर को ही फिलाडेल्फिया छोड़ देंगे."

जॉनी ने बोलना शुरू किया.

लेकिन पिता ने एक उंगली से उसके होठ दबाए.

फिर जॉनी बिना कुछ कहे वहां से चला गया.





जॉनी सराय के बाहर बैठ गया, और लोगों को इधर-उधर जाते हुए देखता रहा.

उसने घंटों का ऐलान करने वाली शहर की घंटियाँ भी सुनीं.

वो फिर से 'ओल्ड इंडिपेंडेंस' घंटी की आवाज़ सुनना चाहता था.

लेकिन वो घंटी फिर नहीं बजी.

अंत में उसने पिताजी को गाड़ी के साथ आते देखा.

गाड़ी, घास के एक बड़े ढेर से भरी हुई थी.

जॉनी बाहर सड़क पर दौड़ा और सीट पर बैठ गया.

"पिताजी, हम यह घास क्यों ढो रहे हैं?" जॉनी ने पूछा.

जॉन मिकली ने एक बार फिर अपनी उंगली अपने होठों पर रखी.

चुपचाप, वे ईंटों के ऊँचे मकानों के सामने से गुज़रे.

सभी के शटर कसकर बंद थे.

वे शहर छोड़ने वाली अन्य वैगनों के पीछे-पीछे चले.

उन वैगनों में भी ऊपर तक सामान लदा था.

थोड़ी देर बाद जॉनी के पिता ने बोलना शुरू किया.

उन्होंने कहा कि ब्रिटिश सेना फिलाडेल्फिया पर कब्जा करने वाली थी.

जनरल जॉर्ज वाशिंगटन की सेना उन्हें रोकने की कोशिश कर रही थी.

लेकिन ब्रिटिश सेना बहुत मजबूत थी.

इसलिए बहुत से लोग शहर छोड़कर भाग रहे थे.

ब्रिटिश सैनिक फ़िलाडेल्फ़िया पहुँचने के बाद क्या करेंगे?" जॉनी ने पूछा.

"वो निश्चित रूप से कुछ अच्छा नहीं करेंगे," जॉन मिकली ने कहा.



जॉन ने बताया कि अंग्रेजों ने फिलाडेल्फिया की घंटियों को पिघलाने की योजना बनाई थी.

वे उनकी धातु का इस्तेमाल बंदूकों और तोपों के गोले बनाने के लिए लिए करना चाहते थे.

"लेकिन तुम और मैं उन्हें रोकने में मदद करेंगे," जॉन मिकली ने कहा.

जॉनी ने अपने पिता को देखा.

जॉन मिकली मुस्कुराए और उसने अपने बेटे की ओर आंख मारी.

फिर जॉनी घूमा और उसने गाड़ी में लदी घास के टीले को देखा.

"क्या उसमें एक घंटी छिपी थी?"


उसके पिताजी ने सिर हिलाया.

"देश की सबसे महत्वपूर्ण घंटी," उन्होंने गर्व से कहा.

'ओल्ड इंडिपेंडेंस' जॉनी उत्तेजना से कांप उठा.

उनकी गाड़ी में सबसे प्रसिद्ध घंटी थी.

आखिर वो हीरो बनने वाला था.



जॉनी और उसके पिता लगभग शहर से बाहर निकल आए थे.

तभी उन्होंने सरपट खुरों की आवाज सुनाई दी.

जॉनी ने अपने पिताजी को सतर्क होते देखा.

दो घुड़सवार उनकी गाड़ी के पास पहुंचे.

वे ब्रिटिश सैनिक थे.

जैसे ही वे पास से गुजरे जॉनी ने सीधे आगे देखा.

उसके बाद सैनिकों ने उनकी गाड़ी को दुबारा मुड़कर नहीं देखा.



साँझ निकट आ गई.

अन्य फार्म वैगन मिकली की गाड़ी के साथ मिल गईं.

उनमें भी घंटियाँ छिपी थीं.

सभी वैगन नॉर्थम्प्टन टाउन जा रही थीं.

एक छोटा शहर उन्हें छिपाने के लिए एक अच्छा स्थान था.



फ्रेडरिक लीजर मिकलि परिवार का पड़ोसी था.

वो उनमें से एक वैगन चला रहा था.

वो मिकलि की गाड़ी के पास आया.

"अंग्रेज इस इलाके में गश्त कर रहे हैं," उसने उन्हें चेतावनी दी.

जॉन मिकली ने एक पल के लिए सोचा.

"चलो हम लोग अंदर वाली सड़क लेंगे," उन्होंने कहा. "हम सुरक्षित होने पर दुबारा फिर से मिल सकते हैं."

"मैं दूसरों को भी इसके बारे में बता दूँगा," किसान लीजर ने कहा.

"तुम्हारी बहुत कृपा होगी!"



जॉनी और उसके पिता अकेले अंधेरे जंगल में से गुज़रे.

जॉनी ब्रिटिश सैनिकों पर अपनी नजर रखे था.

हर आवाज और हरकत उसे उछलने को मजबूर करती थी.

"पिताजी, अगर अंग्रेज हमें पकड़ लेंगे तो फिर क्या होगा?"

"बेटा, वे वैसा नहीं करेंगे," जॉन मिकली ने कहा.

तभी जॉनी को पेड़ों में से एक आवाज़ सुनाई दी.

"वहाँ कौन जा रहा है?" कोई चिल्लाया.

कुछ ही दूरी पर दो ब्रिटिश सैनिक दिखाई दिए.

वे गाड़ी की ओर आ रहे थे.

जॉनी सिर्फ घंटी के बारे में ही सोच सकता था.

सैनिक घंटी को जरूर खोज लेंगे!


अब उसे पिताजी की मदद करनी ही होगी.


फिर जॉनी ने बागडोर संभाली.

"आप ऐसे लेट जाओ जैसे आप सो रहे हो, पिताजी," जॉनी ने कहा.

जॉनी जानता था कि सैनिक सिर्फ बड़े आदमी से ही सवाल पूछेंगे.

शायद वो एक छोटे लड़के को बक्श देंगे.





उनमें से लंबा सिपाही जॉनी के पास आया.

"देखो, एक छोटा बच्चा गाड़ी चला रहा है," उसने उसे चिढ़ाया.

"तुम इस अंदर वाली सड़क पर क्या कर रहे हो?" उसने पूछा.

जॉनी ने ध्यान नहीं देने की कोशिश की परन्तु उसकी पीठ पर पसीना बह रहा था.

उसने कोशिश की कि उसके कांपते शरीर पर सैनिक का ध्यान न जाए.

"लगता है मैं खो गया हूँ, सर," उसने शांत स्वर में कहा.

"मैं अपने पिता को आराम करने दे रहा था."

फिर सिपाही हंस पड़े.

"चलो, मुड़ो और आगे बढ़ो," उनमें से एक ने कहा.

"मुख्य सड़क दक्षिण की ओर एक मील दूर है."

"हाँ, सर," जॉनी ने कहा.

जॉनी ने धीरे-धीरे मुख्य सड़क की ओर गाड़ी चलाई.

वो सैनिकों को यह नहीं दिखाना चाहता था कि वो डरा हुआ था.

जॉन मिकली ने अपनी आँखें खोलीं.

वे गर्व से झूम उठे.

"तुम्हारा सोच बहुत बढ़िया निकला, बेटा. मुझे विश्वास है कि तुम बहुत बहादुर हो. तुमने अकेले ही उस घंटी को बचाने का अच्छा काम किया."

जॉनी सीधा बैठ गया.

वो खुद को एक हीरो की तरह महसूस कर रहा था.



जॉनी और उसके पिता अंत में घंटियाँ ले जाने वाले अन्य किसानों से फिर से जुड़ गए.

ठंडी बारिश होने लगी.

जॉनी ने अपनी जैकेट कसकर खींच ली.

अंत में, वे एक मिट्टी की पहाड़ी की चोटी पर पहुंचे.

जॉनी ने वहाँ एक अद्भुत नज़ारा देखा.

नीचे सड़क पर एक विशाल मालगाड़ी चल रही थी.

किसान लीजर अब मिकलि की गाड़ी के पास आ गया था.

"हम अब सुरक्षित हैं," उसने कहा.

"यह भाग जनरल वाशिंगटन की सेना का हिस्सा है. हम उनके साथ यात्रा कर सकते हैं."





जॉनी और उसके पिताजी सेना की वैगन ट्रेन में शामिल हो गए.

सैनिकों ने जॉनी को उन लड़ाइयों के बारे में बताया जो उन्होंने लड़ी थीं.

उन्होंने उसे बताया कि कैसे उन्होंने अमेरिका की आजादी के लिए मिलकर काम किया था.

जॉनी ने भी काफी मेहनत की थी.

वो "ओल्ड इंडिपेंडेंस" घंटी को बचाने में अपनी मदद कर रहा था.

वो प्रसिद्ध घंटी के साथ घर पहुँचने का और इंतजार नहीं कर सकता था.

पाँच दिनों के बाद, वैगन ट्रेन बेथलहम नामक एक कस्बे में पहुँची.

नॉर्थम्प्टन टाउन वहां से कुछ ही घंटों की दूरी पर था.

मिकली की गाड़ी इस शहर के किनारे एक खड़ी पहाड़ी पर चढ़ी.

तभी जॉनी को जोर से चटकने की एक आवाज सुनाई दी.


उनकी गाड़ी एक झटके के साथ रुक गई.

जॉनी नीचे कूदा और उसने घोड़ों को शांत करने की कोशिश की.

उसके पिता ने सिर हिलाया.

"गाड़ी का पहिया टूट गया है," उन्होंने कहा.





"हम घंटी को और आगे नहीं ले जा पाएंगे," उन्होंने फ्रेडरिक लीजर को बुलाया.

उन्होंने अपने पड़ोसी से घंटी को नॉर्थम्प्टन टाउन ले जाने के लिए कहा.

जॉनी पर निराशा छा गई.

"क्या हम कल पहिया ठीक नहीं कर सकते?" उसने पूछा

"फिर हम खुद अपने आप ही नॉर्थम्प्टन टाउन में घंटी ले जा सकते हैं."

जॉन मिकली ने अपना सिर हिला मना किया.

"यह बहुत जोखिम भरा काम है बेटा. शहर में कोई ब्रिटिश जासूस हो सकता है. 'ओल्ड इंडिपेंडेंस' आज रात कहीं छिपी होनी चाहिए."

जॉनी अपने आंसू नहीं रोक पाया.

वे अब बस घास से भरी एक गाड़ी लेकर घर लौटेंगे.

फिर वो किस तरह का हीरो होगा?

जॉन मिकली ने अपने बेटे की बाँह को दबाया.

"धीरज रखो बेटा, चीजें ठीक हो जाएंगी."

फिर कुछ लोगों ने मिलकर भारी घंटी को

फ्रेडरिक लीजर की वैगन में लोड किया.

जॉनी से फ्रेडरिक लीजर की वैगन दूर जाते हुए देखा नहीं गया.





जॉनी और उसके पिता ने अपनी गाड़ी को ठीक किया.

फिर वे अगले दिन नॉर्थम्प्टन टाउन की ओर रवाना हुए.

जॉन मिकली अपने फार्म की ओर नहीं गए.

इसके बजए, वो शहर की ओर मुड़ गए.

"हम कहाँ जा रहे हैं, पिताजी?" जॉनी ने पूछा.

"तुम देखना," जॉन मिकली ने कहा.

फिर वे जीऑन रिफॉर्म्ड चर्च के सामने आकर रुके.

"मुझे तुम्हें दिखाने के लिए कुछ है," जॉनी के पिता ने कहा.

जब उन्होंने दस्तक दी तो रेवरेंड ब्लूमर ने चर्च का दरवाजा खोला.

रेवरेंड ने अपने दोनों हाथ हिलाए और वो जॉनी की ओर देखकर मुस्कुराए.

“ओल्ड इंडिपेंडेंस” सुरक्षित है, और उसके लिए तुम्हें और तुम्हारे पिता का बहुत-बहुत धन्यवाद."

रेवरेंड ब्लूमर झुके.

उन्होंने फर्श के कुछ तख्ते खींचकर बाहर निकाले.

चर्च के फर्श के नीचे बड़ी घंटी रखी थी.

उसकी कांस्य धातु चमक रही थी.


जॉनी घंटी पर लिखाई को पढ़ सकता था.

उसने शब्दों को जोर से पढ़ा.

"पूरे देश में स्वतंत्रता की घोषणा हो."

रेवरेंड ब्लूमर ने जॉनी की पीठ थपथपाई.

"जब हम अपनी आज़ादी जीत लेंगे तब घंटी फिर से फ़िलाडेल्फ़िया वापस चली जाएगी.



तुम्हारे और तुम्हारे पिता के कारण ‘ओल्ड इंडिपेंडेंस’ आजादी के लिए फिर से बज उठेगी."

घंटी के छिपने से पहले जॉनी ने आखिरी बार उसे प्यार से छुआ.



जॉनी और उसके पिता उस ऐतिहासिक घंटी को उसके छिपने की जगह पर नहीं ले गए थे.

लेकिन उन्होंने उसकी इस यात्रा में मदद जरूर की थी.

एक अकेला सैनिक युद्ध नहीं जीत सकता है.

एक अकेला लड़का घंटी को नहीं बचा सकता है.

लेकिन अगर सब लोगों ने मिल कर काम करें तो जॉनी को विश्वास था कि एक दिन वो अमेरिका को जरूर आजाद करवा पाएंगे.

अंत के शब्द



जॉनी के जमाने में जिस घंटी को 'ओल्ड इंडिपेंडेंस' बुलाया जाता था, उसे आज लिबर्टी बेल के नाम से जाना जाता है. सितंबर 1777 में जीऑन रिफॉर्म्ड चर्च में लिबर्टी बेल के साथ फिलाडेल्फिया की दस अन्य घंटियाँ छिपी हुई थीं. कर्नल बेंजामिन फ्लावर्स को फिलाडेल्फिया से घंटियों को हटाने और उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाने का काम सौंपा गया था. उन्होंने किसानों से गुपचुप तरीके से घंटियों को अपनी वैगनों में शहर से बाहर ले जाने के लिए कहा.

यह आमतौर पर माना जाता है कि मिकलि ने लिबर्टी बेल को फिलाडेल्फिया से बाहर निकाला और फिर जब उनकी गाड़ी टूट गई तो उन्होंने उसे फ्रेडरिक लीजर को सौंप दिया. लेकिन कुछ लोगों का मानना है कि फ्रेडरिक लीजर, फिलाडेल्फिया से घंटी को गाड़ी में लेकर आया था.

लिबर्टी बेल श्राइन में लिबर्टी बेल के बारे में एक पट्टिका है. वो एलेनटाउन (पूर्व में नॉर्थम्प्टन टाउन), पेन्सिलवेनिया में जीऑन रिफॉर्म्ड चर्च के तहखाने में स्थित है. पट्टिका उस भूमिका का वर्णन करती है जो जॉन मिकली और फ्रेडरिक लीजर ने, घंटी को बचाने में निभाई थी. वो बहुत कुछ वैसी ही कहानी है जो आपने इस कथा में पढ़ी है. हम जानते हैं कि 11 वर्षीय जॉनी मिकली अपने पिता के साथ फिलाडेल्फिया की उस यात्रा पर गया था. हालांकि, उस यात्रा में युवा जॉनी की भूमिका अज्ञात है, हम घंटी के बचाने में उसकी भूमिका की केवल कल्पना ही कर सकते हैं.

क्रांतिकारी युद्ध के अंत के बाद लिबर्टी बेल को फिलाडेल्फिया लौटा दिया गया. 24 अक्टूबर, 1781 को, यॉर्कटाउन की लड़ाई में अमेरिकी जीत के बाद इसकी शुरुआत हुई. उस लड़ाई ने क्रांतिकारी युद्ध को समाप्त कर दिया और अमेरिका को ब्रिटिश शासन से मुक्त कर दिया.

महान घंटी 8 जुलाई, 1835 को फटने से पहले महत्वपूर्ण घटनाओं के लिए बजती रही थी. 22 फरवरी, 1846 को, जॉर्ज वाशिंगटन के जन्मदिन का जश्न मनाने के लिए वो घंटी आखिरी बार बजी. लिबर्टी बेल, इंडिपेंडेंस हॉल के पास लिबर्टी बेल सेंटर फिलाडेल्फिया में प्रदर्शित है. वो अमेरिका की स्वतंत्रता के सबसे प्रिय प्रतीकों में से एक है.